सुरक्षित बचपन अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



बुरहानपुर। मध्यप्रदेश रा'य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा ष्सुरक्षित बचपन अभियानष् चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ब'चों में जागरूकताए सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देना हैइसी कड़ी में जिले के गायत्री गुरुकुल आश्रम में कार्यक्रम आयोजित रहा। जहां विद्यार्थियों को रा'य प्राधिकरण द्वारा निर्देशित लाईव प्रसारण दिखाया गया। लेख है कि मध्यप्रदेश रा'य विधिक सेवा प्राधिकारण जबलपुर द्वारा 1 नवम्बर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक से ष्सुरक्षित बचपन अभियानष्या का शुभारंभ किया गया हैए यह अभियान 6 नवम्बर तक संचालित रहेगा। इसी श्रृंखला में अभियान के द्वितीय दिवस पर भी गणेश उ'चतर माध्यमिक विद्यालयए महजनापेठ एवं शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को पॉक्सो एंक्टए नालसा शिक्षा योजनाए बाल अनुकूल विधिक सेवाएंए गुड.टच एवं बेड.टच विषयों पर आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री निलेश कुमार जिरेतीए जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अनुपमा मुजाल्दे सहित अन्य द्वारा सहभागिता की गयी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाहध्निकाह योजना अंतर्गत 20 नवम्बर को होगा सामूहिक विवाह.निकाह कार्यक्रम

बुरहानपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाहध्निकाह योजना के अंतर्गत जिले में सामूहिक विवाह.निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 20 नवम्बर को रेणुका माता मंदिर रोड स्थित कृषि उपज मंडी बुरहानपुर में आयोजित होगा।कलेक्टर श्री विवेक कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जनपद पंचायत बुरहानपुर को आयोजक नियुक्त किया है। साथ ही संबंधित नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों को व्यापक प्रचार.प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने तथा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जनसमस्या सुनवाई – नगर परिषद राणापुर कुल आवेदन आए 19



राणापुर गुरु महेश जैन जनसमस्या सुनवाई के दौरान कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6 शिकायतों का तत्काल निराकरण करवाया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के संज्ञान में लाकर आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचित किया गया।प्राप्त शिकायतों में महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग, जलप्रदाय, निर्माण, राजस्व, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास , जैसी समस्याएँ शामिल रहीं।इसके अतिरिक्त, सड़क एवं नाली निर्माण से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु जनसुनवाई शिविर के पश्चात इंजीनियर (श्रेत्र) के साथ संबंधित स्थलों का मौके पर जाकर निरीक्षण एवं जायजा लिया गया तथा आगे आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रक्रिया की जा रही है।

अध्यक्षीय पहलः

प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव था, उनका निराकरण करवाया गया तथा शेष समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

हमारा उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि नगर के प्रत्येक वार्ड की समस्याओं का मौके पर पहुँचकर जायजा लेना और उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है।

दीपमाला नलवाया अध्यक्ष, नगर परिषद राणापुर

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026.27 के लिए आवेदन आमंत्रित

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा रा'य के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उ'च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से ष्विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना 2026.27ष्ए के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातकोत्तरए शोध उपाधि तथा पोस्ट.पीएचडी ;'वेज पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।अध्यर्थी विभाग के आधिकारि कपोर्टल उचव उण्डचण्हव अण्पद पर जाकर अपना प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करने के बाद ऑनलाइन आवेदन लॉक कर सकते हैं। प्रोफाइल पंजीयन के लिए समग्र आईडी के साथ डिजिटल जातिए आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र का लिंक होना आवश्यक है। ऑनलाइन फॉर्म लॉक करने के 15 दिनों के भीतर आवेदन का प्रिंटआउट और सभी स्वप्रमाणित दस्तावेजों ;जैसे अंकसूचीए ऑफर लेटरए कै रैकिंग प्रमाणद्ध की प्रतियां आयुक्त कार्यालयए पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ;विंध्याचल भवनए द्वितीय तलए ष्कध्ध्खष् विंगए भोपाल . 462004द्ध में डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।

चयन प्रक्रिया और हेल्पलाइन सुविधा

पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पूरे वर्ष चालू रहेगी। प्रत्येक 1 माह की अवधि के विभिन्न चरणों में प्राप्त आवेदनों को एकत्र कर मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया और साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। आवेदन या तकनीकी दस्तावेजों से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए अभ्यर्थी विभागीय हेल्पलाइन नंबर 0755.255××29ए 0755.2675521 पर संपर्क कर सकते हैं या कॉसिवपबमतवइब/उचण्हवअण्पद पर ईमेल भेज सकते हैं।

हे मोहन! अब तो सुदर्शन चक्र उठाओ...

कभी रेत माफिया,कभी पत्थर माफिया,कभी शिकारी और अब शराब माफिया... मध्यप्रदेश में आखिर कब तक कुचली जाती रहेगी खाकी?

मध्यप्रदेश के देवास में अवैध शराब परिवहन रोकने गए थाना प्रभारी दिलीप पुरी की ट्रक से कुचलकर हुई मृत्यु कोई सामान्य घटना नहीं है।यह प्रदेश की कानून-व्यवस्था और अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस पर एक गंभीर प्रश्न है।लेकिन यह कहानी आज की नहीं है। मध्यप्रदेश का पिछला डेढ़ दशक ऐसी घटनाओं का साक्षी रहा है जिनमें अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मियों और वन अधिकारियों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी।

जरा इतिहास के पन्ने पलटिए...

8 मार्च 2012.मुरैना: युवा आईपीएस अधिकारी नरेंद्रकुमार सिंह अवैध पत्थर खनन रोकने गए,ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई।इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया।

5 अप्रैल 2015,मुरैना: प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह चौहान अवैध रेत से भरे डंपर की जाँच के दौरान वाहन के नीचे आ गए और उनकी जान चली गई।घटना के बाद सरकार ने सहायता और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

6 मार्च 2016,ग्वालियर: वनरक्षक नरेंद्र शर्मा अवैध खनन से जुड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने की कार्रवाई के दौरान मारे गए।फिर एक कर्मचारी ने कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाई।

2018,भिंड:अवैध रेत खनन और कथित पुलिस-माफिया संबंधों की पड़ताल करने वाले पत्रकार संदीप शर्मा की डंपर से कुचलकर मृत्यु हो गई।यह प्रकरण पत्रकारों की सुरक्षा और अवैध कारोबार की जाँच पर भी गंभीर सवाल छोड़ गया।

7 सितंबर 2018,मुरैना: डिप्टी रेंजर सूबेदार सिंह कुशवाह को अवैध रेत परिवहन रोकते समय ट्रैक्टर से कुचल दिया गया।एक और अधिकारी की जान गई।

14 मई 2022,गुना:काले हिरण के शिकारियों से मुठभेड़ के दौरान उपनिरीक्षक राजकुमार जाटव,प्रधान आरक्षक नीरज भार्गव और आरक्षक संतराम मीणा की गोली लगने से मृत्यु हो गई।

2 नवंबर 2026,देवास: खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुँचे।संदिग्ध वाहन के चालक द्वारा भगाने के प्रयास के दौरान ट्रक का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया और उनकी मृत्यु हो गई।घटना की आपराधिक मंशा और अन्य संभावित संलिप्तता जाँच का विषय है।

ये घटनाएँ अलग-अलग समय की हैं।कहीं अवैध खनन था,कहीं वन्यजीवों का शिकार और कहीं शराब तस्करी।लेकिन सभी एक गंभीर प्रश्न की ओर संकेत करती हैं...

आखिर अवैध कारोबारियों में कानून का भय इतना कमजोर क्यों पड़ जाता है कि वे सरकारी कार्रवाई के दौरान किसी की जान जाने की भी परवाह नहीं करते?

और विडंबना देखिए! हर घटना के बाद कुछ परिचित शब्द सुनाई देते हैं, 'कठोर कार्रवाई होगी।दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उच्चस्तरीय जाँच होगी। 'फिर कुछ समय बीतता है।समाचार बदल जाते हैं।नई घटनाएँ सुर्खियाँ बन जाती हैं।लेकिन पुराने प्रश्नों के उत्तर कितने मिले,इसकी चर्चा कम ही होती है।





खातेगांव TI दिलीप पुरी जी का पार्थिव शरीर गृह ग्राम बरमंडल पहुंचा, विनम्र श्रद्धांजलि

वाह रे व्यवस्था! अवैध कारोबार का पहिया चलता रहता है और हर घटना के बाद जवाबदेही का पहिया वहीं अटक जाता है!

और यदि यही घटना उत्तर प्रदेश में हुई होती तो..?

क्या वहाँ तत्काल सख्त कार्रवाई की घोषणाएँ होतीं? क्या अपराधियों की संपत्तियों,आर्थिक नेटवर्क और संभावित संरक्षण को लेकर व्यापक बहस छिड़ती? क्या बुलडोजर और एनकाउंटर का राजनीतिक विमर्श फिर सुर्खियों में होता? उत्तर प्रदेश की कार्रवाई के तरीकों को लेकर समर्थन और कानूनी आपत्तियाँ दोनों रही हैं। लेकिन सवाल किसी प्रदेश के मॉडल की अंधी नकल का नहीं है।सवाल इतना है कि मध्यप्रदेश में अपराध के विरुद्ध कानूनसम्मत कार्रवाई की तत्परता,निष्पक्षता और जवाबदेही जनता के सामने कितनी स्पष्ट है?

मुख्यमंत्री मोहन यादव जी,अब तो सुदर्शन चक्र उठाओ,आपका नाम मोहन है।भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र अधर्म के विरुद्ध उठाया था।आज मध्यप्रदेश की जनता भी अपराध और अवैध कारोबार के विरुद्ध शासन की निर्णायक शक्ति देखना चाहती है।

मोहन जी! अब तो सुदर्शन चक्र उठाओ!

लेकिन यह चक्र किसी निर्दोष के घर पर नहीं,अपराध के पूरे प्रमाणित तंत्र पर कानून के अनुसार चलना चाहिए।यह चक्र केवल ट्रक के चालक तक सीमित न रह जाए, बल्कि जाँच उन तक भी पहुँचे जो अवैध कारोबार का संचालन करते हैं,उससे आर्थिक लाभ उठाते हैं या उसे संरक्षण देते हैं–यदि ऐसे संबंधों के प्रमाण मिलें।क्योंकि शराब का ट्रक अपने आप नहीं भरता।अवैध खनन का डंपर अपने आप नहीं चलता और संगठित अपराध बिना आर्थिक नेटवर्क के लंबे समय तक नहीं पनपता।अपराध रोकने की कीकोशिश में जान गंवाने वाले अधिकारी के परिवार को केवल आश्वासन नहीं,न्याय चाहिए।

मुख्यमंत्री जी,देवास की घटना के बाद सरकार से अपेक्षा है कि वह केवल दोषियों पर कार्रवाई ही न करे,बल्कि यह भी बताए कि पूर्व की ऐसी घटनाओं से क्या सबक लिए गए और उन सबक का कितना पालन हुआ।मुरैना के नरेंद्र कुमार,धर्मेंद्र चौहान, ग्वालियर के नरेंद्र शर्मा,मुरैना के सूबेदारसिंह कुशवाह,गुना के राजकुमार जाटव,नीरज भार्गव और संतराम मीणा–ये केवल नाम नहीं,व्यवस्था के सामने खड़े वे सवाल हैं जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती।कब तक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी अपना बलिदान देते रहेंगे और सरकारें घटनाओं के बाद कठोर शब्दों में संवेदना व्यक्त करती रहेंगी?

अंत में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से यही अपेक्षा है,मोहन सुदर्शन चक्र उठाओ,अपराध संविधान और कानून का ऐसा सुदर्शन चक्र, जो अपराध के प्रमाणित संरक्षण को भी बेनकाब करे,दोषियों को न्यायालय तक पहुँचाए और ईमानदारी से कर्तव्य निभाने वाले पुलिसकर्मी को सुरक्षित रखे।क्योंकि सरकार की असली शक्ति अपराधियों को दंडित करने में ही नहीं,अपराध को रोकने और निर्दोषों की रक्षा करने में भी दिखाई देती है।

दिवंगत थाना प्रभारी दिलीप पुरी और कर्तव्यपालन में प्राण गंवाने वाले सभी पुलिस एवं वनकर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि। (मप्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता अभिषेक भार्गव की कलम से...)

अवैध शराब परिवहन पर राणापुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही





तुफान वाहन सहित लाखो की शराब जप्त



राणापुर पुलिस अधीक्षक जिला झाबुआ श्री देवेन्द्र पाटीदार के द्वारा सभी थाना प्रभारीयो को अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियो की धरपकड करने हेतु लगातार निर्देशित किया गया था, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपालसिंह मोहबिया, एवं एसडीओपी झाबुआ श्रीमति मोनिका सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राणापुर निरीक्षक श्रीराम मण्डलोई द्वारा थाना राणापुर एवं चौकी कुंदनपुर की पुलिस टीम बना कर अवैध गतिविधीयो में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु टीम बना कर रवाना किया, जिसके तारम्य में मुखबीर की सुचना मिली की कालिया कोतडी तिराहा ग्राम सुरडिया तरफ से तुफान वाहन में अवैध शराब भर कर ले जा रहा है, उक्त तुफान वाहन को पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर पकड कर आरोपी तुफान का चालक नारायण पिता कोलिया डावर उम्र 26 साल निवासी आमझेरी आम्बुआ के कब्जे से 29 पेटी मांडु बीयर कुल 348 बल्क लीटर जिसकी कीमत 69,600 रुपये व तुफान वाहन कीमत 7,00,000 रुपये सम्पुर्ण मश्रुका कुल 7,69,600 रुपये का विधीवत् जप्त किया गया। बाद थाना राणापुर पर अपराध क्रमांक 535/2026 धारा 34(2),36, 46 आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान शराब परिवहन के साथीदार भारत पिता तारसिहं डामोर उम्र 26 साल निवासी ग्राम बुधाशाला को भी गिरफ्तार किया गया और अन्य अवैध शराब परिवहन में सहयोगीयो को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जावेगा ।

गिरफ्तार आरोपी:- 1. नारायण पिता कोलिया डावर उम्र 26 साल निवासी आमझेरी आम्बुआ

2. भारत पिता तारसिहं डामोर उम्र 26 साल निवासी ग्राम बुधाशाला

जप्त मश्रुका:- 1. 29 पेटी मांडु बीयर कुल 348 बल्क लीटर जिसकी कीमत 69,600 रुपये

2. उक्त तुफान वाहन क्रमांक MP®~BA8340 कीमती 07,00,000 रुपये

कुल सम्पुर्ण जप्त मश्रुका किमती 07,69,600 रुपये।

सराहनीय कार्य:- उक्त सराहनीय कार्यवाही मे थाना प्रभारी राणापुर निरीक्षक श्रीराम मण्डलोई, प्रधान आरक्षक 254 सुबेसिहं , प्रधान आरक्षक 244 राजेन्द्र , आरक्षक 19 दिनेश , आरक्षक 163 विवेक का महत्वपुर्ण योगदान रहा।

विवेकानंद केरियर मार्ग दर्शन योजना के तहत माँ नर्मदा शासकीय महाविद्यालय सोंडवा में आयोजित

सोंडवा। मां नर्मदा शासकीय महाविद्यालय सोंडवा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास विषय आत्मविश्वास ,सकारात्मक सोच ,अनुशासन, एवं समय प्रबंधन विषय पर डॉ आकाश गाडो द्वारा विद्यार्थियों में आत्म विश्वास और सकारात्मक सोच पर व्याख्यान दिया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजेश बारिया सर ने विद्यार्थियों को बताया कि अनुशासन और समय प्रबंधन ही व्यक्ति का विकाश करता हे इस कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रो.नारायण चौहान,डॉ जुवान सिंह चौहान, डॉ.महेंद्र रणदा,प्रो.किरण चौहान एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे और अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रो. इंदु बघेल द्वारा आभार व्यक्त किया

लोकतंत्र की मजबूती और संवैधानिक मूल्यों पर मंथन हम सभी की ज़िम्मेदारी

मनावर बसन्त जख्मी,(इंदौर समाचार) जिला धार ग्रामीण भारतीय जनता पार्टी विधानसभा मनावर एवं जिला धार ग्रामीण इकाई के तत्वावधान में मांगलिक भवन, मेला मैदान पर प्रबुद्धजन गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'राष्ट्र चिंतन ' रखा गया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य गोष्ठी के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा एवं राष्ट्रहित से जुड़े समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता एवं पितृ पुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर ले अर्पण किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की मूल भावना को पार्टी के जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार द्वारा प्रबुद्ध जनों के समक्ष विस्तार से बताया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा पार्टी का उद्देश्य समाज के प्रबुद्ध वर्ग, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, व्यापारियों, पूर्व सैनिकों, किसान प्रतिनिधियों और युवा वर्ग के साथ सीधा संवाद स्थापित कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाना है।

मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं की उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी उपस्थित रहे। जिन्होंने बताया कि (स्ट्रक) विशेष गहन पुनरीक्षण केवल भाजपा सरकार में नही हो रहा है। इससे पहले 10 बार कांग्रेस ने अपनी सरकार में एसआईआर करवाया है। वर्तमान





चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं। यह पूर्ण रूप से निराधार है। दिल्ली में जो भिड़ एकत्रित हो रही है। उसका कोई भी आधार नहीं है। क्योंकि एक भी कांग्रेस का विधायक या सांसद उठकर यह नहीं कह सकता है। कि इस एस आई आर में उसका नाम काटा गया है। यह केवल झुठ बोलकर भ्रम फैलाने का काम विपक्ष कर रहा है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, ने बताया देश को तोड़ने का काम आज विपक्ष कर रहा है। देश में हो रहे विकास कार्यों और तरक्की को देखकर आज हमारे विरुद्ध विदेशी ताकते खुलकर कार्य कर रही हैं और विपक्ष के नेता जो बार-बार विदेश के चक्कर लगाते हैं। वहां से मिल रहे सहयोग से आज छोटे-मोटे आंदोलन करके भ्रामक जानकारियां सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक भेज रहे हैं। इस दौरान मंचासीन अतिथियों में लोकप्रिय युवा नेता शिवराम कन्नीज और पूर्व एसडीएम अंबाराम पाटीदार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जिन्होंने पत्रकारों एवं प्रबुद्ध जनों के एस आई आर वह चुनाव आयोग से संबंधित प्रश्नों का प्रशासनिक नियम अनुसार उत्तर दिया। आयोजन में भाजपा मनावर विधानसभा के सभी प्रबुद्धजनों, वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य

भाजपा जिला मीडिया सहप्रभारी अंकित शुक्ला ने बताया कि प्रबुद्धजन गोष्ठी का उद्देश्य केवल राजनीतिक संवाद नहीं, बल्कि राष्ट्र के समक्ष खड़ी चुनौतियों, बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध और विकसित भारत 2047 के संकल्प पर खुली चर्चा करना है। गोष्ठियों के माध्यम से जमीनी स्तर से आम नागरिक का फीडबैक और बुद्धिजीवी वर्ग के सुझावों को अपने राष्ट्रहितकारी अभियानों में शामिल करना है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश मोटसरा ने किया एवं आभार कार्यालय मंत्री पन्नालाल पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया।